एक नजर में

## कट्ठीवाड़ा में प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने आम बगीचों का किया अवलोकन



आलीराजपुर । आम के बगीचों के लिए प्रसिद्ध कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में आज प्रभारी कलेक्टर श्री जितेंद्र सिंह चौहान ने नूरजहां मैंगो फार्म का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बगीचे में लगी विभिन्न किस्मों के आम के पेड़ों का अवलोकन किया। मैंगो फार्म में लंगड़ा, हापुस, केशर, श्रीदेवी, दाड़म, मदासी, माधुरी, दशहरी, शाहजहां, गुलाब केशर, मल्लिका, 35 प्रशांत, केशवंटी सहित अनेक प्रजातियों के आम के पेड़ लगाए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर श्री चौहान ने बगीचे के प्रबंधन से आम की विभिन्न किस्मों, फसल उत्पादन, फलों की गुणवत्ता, बाजार मूल्य, उत्पादन मात्रा तथा लागत से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बगीचे प्रबंधन से आम की ब्रांडिंग एवं बेहतर विपणन व्यवस्था विकसित करने को कहा। इस अवसर पर तहसीलदार श्री सुनील डावर, नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा, जनपद सीईओ श्री गोपाल शरण प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारत रक्षा मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक




महू. 31 जनवरी और 1 फरवरी को भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक संस्थापक सूर्यकांत केलकर के सानिध्य में मुंबई में रखी गई थी इस कार्यक्रम में देश भर के हर राज्य से राष्ट्रीय और प्रांत के पदाधिकारी गण के गरिमा मयि उपस्थित रही. 27 जून 2010 को भारत रक्षा मंच की स्थापना बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालने तथा पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान में मुस्लिम अत्याचारियों से त्रस्त हिंदू भाइयों को भारत के नागरिकता प्रदान करने के उद्देश्य की गई थी. इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत संगले, राष्ट्रीय महामंत्री अशोक आचार्य, राष्ट्रीय संगठन मंत्री महावीर जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीना गोगरी, राष्ट्रीयउपाध्य लक्ष्मी नारायण, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोखंड जी, कमांडर भूषणजी, कोतवालेजी, शशांक चोपड़ा, एचपी तिवारी, सत्यवान इलेवान ढाकरे ,सरोज सोनी जी, सुनीता गोडानी जी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे. प्रांत लेवल के पदाधिकारी की नियुक्ति अध्यक्ष के नेतृत्व में की गई. मध्य प्रांत से भोपाल ग्वालियर उज्जैन और इंदौर के पदाधिकारी उपस्थित रहे. इंदौर से कार्यकारी अध्यक्ष राजेश बेंजावे, इंदौर विभाग संगठन मंत्री पंकज सोलंकी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महिला प्रकोष्ठ वह संभाग संगठन मंत्री रित प्रधान महू से उपस्थित रहे.

## विधायक ने दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया



महू. महू विधानसभा की लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री ऊषा ठाकुर ने जन्मदिन से एक दिन पूर्व संवेदना स्कूल परिसर में जाकर दिव्यांग बच्चों के साथ सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में जन्म उत्सव मनाया. इस अवसर पर आदरणीय ऊषा दीदी ने बच्चों के साथ समय बिताया, उनसे संवाद किया और उनको भोजन करवा कर और मिष्ठान खिलाकर खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उपहार एवं आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई. विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि विशेष बच्चों के साथ समय बिताना उनके लिए भावनात्मक और प्रेरणादायक अनुभव है. उन्होंने समाज से आह्वान किया कि ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना बनाए रखें. कार्यक्रम में स्कूल संचालिका निशा शर्मा, शिक्षकगण, अभूतपूर्व मंडल अध्यक्ष राय बहादुर, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, कोदरिया मंडल अध्यक्ष महेश यादव, नगर परिषद के पार्षद अजय चौधरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष क्रांति वर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीनू भदौरिया, मुकेश शर्मा, सुनील यादव, सभी सम्माननीय कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे.

## माकड्रिल में सेना के जांबाजों का आपदा प्रबंधन



महू. सैन्य अस्पताल (एमएच) महू ने स्टेशन हेड क्वाटर, मध्य भारत अस्पताल एवं रेड क्रॉस के साथ मिल कर सोमवार को आकस्मिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबन्धन का माकड्रिल किया. सेना के जवानों और चिकित्सकों ने सतर्कता दिखाते हुए अपने कौशल को दिखाया. विषम परिस्थितियों में किस तरह से बेहतर उपचार कर जान बचाई जा सकती है, इसका उदाहरण भी दिया गया. माकड्रिल में सिमुलेशन में सामूहिक हताहतों का त्रिस्तरीय वर्गीकरण, आपदा प्रबंधन प्रक्रियाएं, संसाधन संचालन, अंतर-संस्थागत संचार तथा समन्वित रोगी देखभाल आदि का सटीक क्रियान्वयन किया गया. इस पूरे आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल में मिलिट्री हॉस्पिटल ने समन्वयक संस्थान की भूमिका निभाई। स्टेशन हेड क्वाटर के मार्गदर्शन में मिलिट्री हॉस्पिटल ने सभी सिविल संस्थानों से संपर्क साधा एवं एक बेहतर एवं उम्दा ड्रिल का प्रदर्शन किया. उल्लेखनीय है कि इस वृहद मॉकड्रिल के लिए तीनों अस्पताल, पुलिस विभाग एवं सथानीय प्रशासन के साथ मीटिंग की गई एवं सभी पहलुओं पर विचार विमर्श कर ड्रिल कार्यवाही को अंतिम रूप दिया गया. सिविल मिलिट्री समन्वय के माध्यम से जीवन रक्षा की यह यह पहल रक्षा संस्थान मिलिट्री हॉस्पिटल की अगुवाई में किया गया. इस पूरे ड्रिल में मध्य भारत के प्रभारी डॉक्टर शुक्ला, रेड क्रॉस प्रभारी, पुलिस विभाग का योगदान सराहनीय रहा.

## हम फाउंडेशन बड़वाह शाखा का सम्मान समारोह



महू. हम फाउंडेशन बड़वाह शाखा द्वारा मालवा प्रांत की सहसंयोजक महिला सहभागिता प्रमुख स्वर्गीय श्रीमती विमला चौधरी की पावन स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों पत्रकारों प्रतिभावान विद्यार्थी और सेवाभावी संस्थाओं का सम्मान किया गया. इसमें हम फाउंडेशन मालवा प्रांत मीडिया प्रमुख अशोक दीक्षित, मालवा प्रांत सेवा प्रमुख कमलकांत भालेवाडीकर, मालवा प्रांत संस्कार सेवा प्रमुख पायल परदेशी और संस्कृति शाखा महू अध्यक्ष कांता मजदे को सामाजिक क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ सेवा गतिविधि करने हेतु मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया. इस सम्मान में महू शाखा के संरक्षक सुरेश मजदे, कृष्णा सोप जितेंद्र सक्सेना, विजय परदेशी भी सम्मिलित थे. यह सम्मान बड़वाह के विधायक सचिन बिरला, राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराज वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, एसडीएम सत्यनारायण दर्रो, एसडीओपी अर्चना रावत, थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौड़, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कानूडे द्वारा प्रदान किया गया.

# अंचल में आफत बनी बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि

▸ तेज हवा के साथ बारिश से फसलें गिरीं, किसान व आमजन चिंतित

**पेटलावद / हरिश राठौर**

**सोमवार शाम रायपुरिया अंचल में अचानक मौसम ने करवट ली और देखते ही देखते आसमान काले घने बादलों से घिर गया। शाम करीब 5 बजे बादलों की तेज गरज, बिजली की चमक और तेज हवाओं के साथ बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि शुरू हो गई, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी।**

अचानक आई इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं। किसान राजाराम पाटीदार ने बताया की मंगलवार सुबह जब खेत पर पहुंचे तो हमारी 25 बिघा की फसल खराब हो गई लगभग 60% प्रतिशत करीब एवं गांव बनी के किसान पुना पिता ईश्वर पाटीदार की 5 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर गई, जिससे फसल खराब होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि वास्तविक नुकसान का आकलन अब प्रशासन सर्वेकर रिपोर्ट बता सकते हैं.



बेमौसम बारिश से शादी-विवाह वाले परिवारों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। वहीं, प्रजापत समाज के ईंट निर्माता भी प्रभावित हुए हैं, बारिश के कारण ईंटें गीली हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसान बद्री प्रजापत, अशोक प्रजापत, नरेश प्रजापत, मोहन प्रजापत ने बताया कि कल बरसात से लाखों रुपए का नुकसान हुआ। अचानक बदले मौसम ने पूरे अंचल में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है और किसान सहित विभिन्न वर्ग नुकसान को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

## 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 10 व 13 फरवरी से

▸ जिले में 32 केन्द्रों पर 12,146 विद्यार्थी होंगे शामिल

**आलीराजपुर। जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं क्रमशः 10 फरवरी एवं 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। परीक्षाओं का समय प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।**

कलेक्टर नीतू माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा संचालन हेतु मण्डल द्वारा कुल 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर कुल 12,146 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिनमें कक्षा 10वीं के 6,624 तथा कक्षा 12वीं के 5,522 विद्यार्थी शामिल हैं।

दिनांक 29 जनवरी 2026 को मण्डल परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्राप्त निर्देशों के अनुसार परीक्षा अवधि के दौरान सोशल मीडिया एवं टेलीग्राम पर सतत निगरानी रखी जाएगी। साथ ही प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने अथवा भ्रामक खबरें फैलाने की किसी भी कोशिश पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए, जिससे जिले में व्यापक जनहित एवं छात्र हित में मण्डल द्वारा संचालित परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराई जा सकें।

## 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर. भंवरकुआं पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन इमली बस स्टैंड चौकी के पीछे स्थित खाली मैदान से एक युवक को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब 20 हजार रुपए कीमत की ब्राउन शुगर बरामद की है. भंवरकुआं थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सूचना मिलने के बाद टीम के साथ तीन इमली बस स्टैंड चौकी के पीछे खाली ग्राउंड में दबिश दी, जहां एक युवक संदिग्ध हालत में मिला. तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में रखा अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुआ. जिसका वजन 10 ग्राम पाया गया. जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई गई है. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम करण उर्फ लखन, उम्र 22 वर्ष, जाति बाल्मिकी निवासी बताया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है.

## प्रभारी कलेक्टर चौहान ने कट्ठीवाड़ा जनपद व तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**आलीराजपुर** । प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने कट्ठीवाड़ा जनपद एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की गहन समीक्षा की। प्रभारी कलेक्टर चौहान ने अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निर्देशित किया कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि ग्रामीणों को सुचारू स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें और इलाज के लिए उन्हें बाहर पलायन न करना पड़े। साथ ही उन्होंने आकांक्षी ब्लॉक कट्ठीवाड़ा में संपूर्णता अभियान 2.0 की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने एवं समयबद्ध तरीके से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण की अगली कड़ी में प्रभारी कलेक्टर ने तहसील कार्यालय कट्ठीवाड़ा का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने एसआईआर-2026 अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। निर्वाचन कार्य अंतर्गत मतदाताओं की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा करते हुए एसआईआर से संबंधित सभी कार्य समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान तहसीलदार श्री सुनील डावर, नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा, जनपद सीईओ श्री गोपाल शरण प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में 20 आवेदन प्राप्त हुए



**आलीराजपुर । प्रति मंगलवार की भांति आज कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन डिप्?टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में कुल 20 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। डिप्टी कलेक्टर सुश्री कलमे ने सभी आवेदकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में श्री कुशलसिंह पिता मगनसिंह निवासी पटेल फलिया ग्राम माछलिया ने आवेदन दिया कि प्रधानमंत्री आवास मेरे पिता मगनसिंह पिता रायसिंह चौहान के नाम से स्वीकृत हुआ था पुरा मकान बनकर बनने के बाद भी मुझे आज दिनांक तक मजदुरी राशि प्राप्त नहीं हुई है। प्रधानमंत्री आवास की मजदुरी की राशि प्रदान करवायी जाए । इस आवेदन पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री कलमे द्वारा संबंधित अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।**

एक अन्य आवेदक श्री सुरेश पिता नाथु निवासी मसानिया फलिया ग्राम तीती ने आवेदन दिया कि मेरा पास कुल 05 खेत है रकबा 1.8500 हेक्टर जमीन है।

असंचित है। सिंचाई के लिए पानी नहीं है। इस कारण कपिल धारा कुप का खनन करवाना चाहता हूँ । मेरा कपिल धारा कुप निर्माण की स्वीकृत करवाया जाए ।

एक अन्य आवेदक जतनसिंह पिता हिरिलया मंडलोई ने आधार कार्ड में नाम की त्रुटि के कारण बच्चों की प्रोफाइल नहीं बन पाने की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि कई बार आधार केंद्र से संपर्क करने के बावजूद सुधार नहीं हुआ तथा भोपाल जाकर सुधार कराने की बात कही जा रही है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण भोपाल जाना संभव नहीं है। इस पर संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

इसी तरह जमीनी कब्जा, अतिक्रमण, सीएम किसान कल्याण योजना की राशि नहीं मिलने, जमीनी विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए।

इस दौरान समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर में ▸ भाजपा सरकार ग्रामीण विकास और किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : चौहान

## कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान की विधायक निधि से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतिकरण की मिली बड़ी सौगात

**आलीराजपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह जी चौहान द्वारा अपनी विधायक निधि से 35 विद्युतीकरण के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि मंत्री श्री चौहान के सतत प्रयासों तथा केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन वाली भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीति का परिणाम है कि जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतिकरण से संबंधित सभी कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में विद्युत लाइन विस्तार, ट्रांसफार्मर स्थापना, वोल्टेज सुधार एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने से जुड़े कार्य शामिल हैं।

इन विद्युतिकरण कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण अंचलों में लंबे समय से चली आ रही कम वोल्टेज, बार-बार विद्युत बाधित होने तथा अपर्याप्त बिजली आपूर्ति जैसी समस्याओं का समाधान होगा। इससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों को भी कृषि कार्यों में राहत मिलेगी और गांवों में विकास गतिविधियों को गति मिलेगी।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास और किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डबल इंजन सरकार के माध्यम से गांव-गांव तक बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र आत्मनिर्भर बन रहे हैं।ग्रामीण नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्युतिकरण कार्यों की स्वीकृति पर मंत्री श्री चौहान एवं भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।कहा कहा होगे 35 विद्युतीकरण कार्य

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि आलीराजपुर विधानसभा अंतर्गत 2 करोड़ 22 लाख 3 हजार रुपए लागत से कुल 35 ग्रामों में विद्युतिकरण कार्य किए जाएंगे, जिसमें आलीराजपुर विकासखंड में 10 ग्रामों में, कट्ठीवाड़ा विकासखंड में 7 ग्रामों में वही सोंडवा विकासखंड में 18 ग्रामों के विभिन्न फलियों ने ये कार्य किए जाएंगे।

विकास खण्ड आलीराजपुर:- गुनी पिपरी फलिया ग्राम बड़दला, 6 लाख 70 हजार ,खेड़ा फलिया ग्राम कोदली, 5 लाख 68 हजार, होली फलिया ग्राम गव्हाण 5 लाख 74 हजार,कुहाजा फलिया ग्राम कवठु 8 लाख 40 हजार,गुजरी फलिया ग्राम बेहड़वा 10 लाख 12 हजार , वारती फलिया ग्राम बेहड़वा 4 लाख 37 हजार, कुण्ड फलिया ग्राम बोरकुआ 5 लाख 72 हजार,, भुरियाकुआं फलिया ग्राम बेहड़वा 7 लाख 09 हजार,कदवाल फलिया ग्राम सेजगांव 5 लाख 14 हजार,मण्डल माल फलिया ग्राम 6 लाख 56 हजार,

**विकास खण्ड सोण्डवा :-**

राठवा फलिया ग्राम छोटी गेन्द्रा 6 लाख 92 हजार,धुधगा फलिया ग्राम छोटी गेन्द्रा 6 लाख 11 हजार,वारती फलिया ग्राम ककराना 4 लाख 59 हजार,होली फलिया ग्राम आम्बा 7 लाख 78 हजार,डामरी फलिया ग्राम कुण्डवाट 2 लाख 37 हजार, अहरण फलिया ग्राम बड़ी उतावली 6 लाख 23 हजार, कोल्यारी फलिया ग्राम बेजड़ा 5 लाख 98 हजार, डाकनकुआ फलिया ग्राम बड़ी सिरखड़ी 9 लाख 91 हजार, पटेल फलिया ग्राम चिलवट 6 लाख 20 हजार

लाकड़कुई फलिया ग्राम अट्ठा 5 लाख 69 हजारचैंगड़ फलिया ग्राम कुलवट 4 लाख 75 हजार